1-The "Union Home Minister's Medal for Excellence in Investigation" for the year 2021 have been awarded to 152 Police personnel. This medal was constituted in 2018, with the objective to promote high professional standards of investigation of crime and to recognize such Excellence in Investigation by investigating officers.

वर्ष **2021** के लिये **152** पुलिसकर्मियों को"अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिये गृहमंत्री का पदक" प्रदान किया गया। इस पदक की स्थापना **2018** में की गई थी और इसका उद्देश्य था अपराधों की जांच में उच्च प्रोफेशनल मानकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट अन्वेषण करने वाले जांच अधिकारी की मेहनत को पहचान देना।

2-Union Minister of Youth Affairs and Sports Shri Anurag Singh Thakur confers the National Youth Awards 2017-18 and 2018-19 to 22 awardees on International Youth Day today.

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर **22** पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार **2017-18** और **2018-19** प्रदान किए।

3-Union Environment Minister Bhupender Yadav released the all-India synchronised methodology for elephant and tiger population estimation on the occasion of World Elephant Day.

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथी और बाघ की आबादी के आकलन के लिए अखिल भारतीय समकालिक कार्यप्रणाली जारी किया।

4-Union Home Secretary Ajay Kumar Bhalla gets one year extension of service.

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को एक साल का सेवा विस्तार मिला।

5-On the occasion of the 75th anniversary of Indian independence, Ebury Publishing and Vintage, a division of Penguin Random House India (PRHI), announced the launch of a new imprint, ''Penguin Veer', dedicated to stories of and from the country''s armed forces legacy.

भारत की आजादी की **75**वीं वर्षगांठ के मौके पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) के प्रभाग एबरी पब्लिशिंग एंड विंटेज ने 'पेंगुइन वीर" श्रृंखला लाने की घोषणा की जिसमें देश की सशस्त्र सेनाओं की विरासत से जुड़ी कहानियां होंगी।

6-Madhya Pradesh Chief Minister Shivraj Singh Chouhan honored Vivek Sagar, a member of the Indian men's hockey team that won bronze medal in Tokyo Olympics, with a prize money of Rs one crore and also appointed him as Deputy Superintendent of Police (DSP).

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य विवेक सागर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्मानित करते हुए एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी और साथ ही उन्हें उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भी नियुक्त किया।

7-The World Boxing Council (WBC) has announced the formation of its India committee in collaboration with the Indian Boxing Council.

विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) ने भारतीय मुक्केबाजी परिषद (आईबीसी) के साथ मिलकर भारत समिति के गठन की घोषणा की।

8-Brought on as a substitute with seconds remaining in extra time, Kepa Arrizabalaga kept out two spot kicks as Chelsea beat Villarreal 6-5 in a penalty shootout to win the UEFA Super Cup.

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे गोलकीपर केपा अरिजाबालागा ने दो पेनल्टी किक बचाई जिससे चेल्सी ने विलारीयाल को पेनल्टी शूट आउट में **6-5** से हराकर यूएएफा सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया।

9-Hanwha Systems of South Korea is infusing $300 million (Rs 2,228 crore) for an 8.8 per cent share in OneWeb, the Low Earth Orbit (LEO) satellite communications company backed by Bharti group.

दक्षिण कोरिया की हनवा सिस्टम्स भारती समूह द्वारा समर्थित लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) उपग्रह संचार कंपनी वनवेब में **8.8** प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए **30** करोड़ डॉलर (**2,228** करोड़ रुपये) का निवेश कर रही है।

10-NASA's Ingenuity Mars helicopter has been awarded 'Laureate' for its "extraordinary achievements in aerospace" by the Aviation Week Network.

नासा के इनजेनिटी मार्स हेलीकॉप्टर को एविएशन वीक नेटवर्क द्वारा 'एयरोस्पेस में असाधारण उपलब्धियों' के लिए 'लॉरिएट' से सम्मानित किया गया है।